तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 12 जुलाई 2024



चौथे दिन भी जारी रही पटवारियों की हड़ताल... 10





उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया... 10






## खबर संक्षेप

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर परसवानी चौक में एक व्यक्ति से करीब 3 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि जाकिर खान पिता रशीद खान (25) निवासी सांकरा जिसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे में रखा एक सफेद रंग की प्लास्टिक जरकीन में करीब 3 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 600 रुपये बिक्री करने के लिए रखे मिलने पर जब्त कर 34 (1) क आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### 16 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के भंवरपुर चौकी के ग्राम डोंगरीपाली में पुलिस ने अवैध महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम डोंगरीपाली के आगे कच्ची रोड किनारे महुआ पेड़ के नीचे अवैध महुआ शराब बिक्री के लिए रखा है। बीरनारायण चौहान पिता स्व धनसाय चौहान (36) साकिन डोंगरीपाली के पास से 4 नग हरा रंग एवं 4 नग सफेद रंग के 02-02 लीटर वाली प्लास्टिक बाटल में कुल 16 लीटर कीमत 3200 रुपये हाथ भट्ठी से बना कच्ची महुआ शराब रखे मिला। उक्त शराब को जब्त कर आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

**ऋण:** अब तक दिया जा चुका है 335.49 करोड़ का लोन

# खरीफ के लिए कर्ज लेने बैंकों में सुबह से जुट रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में खरीफ फसल के लिए धान बोआई का कार्य शुरु हो चुका है। इन दिनों किसान अपने बोआई में लगे हुए हैं। क्षेत्र में हुई बारिश से मौसम अनुकूल बना हुआ है। इसका फायदा किसानों को हुआ है। इससे वर्तमान में बोआई कार्य में तेजी आई है। यही वजह है कि अब तक जिले में 42 प्रतिशत बोआई का काम पूरा हो चुकी है। बोआई के साथ ही बैंक में लोन लेने इन दिनों नगर के बैंक में किसानों की भीड़ लग रही है। सुबह 10 बजे बैंक खुलने से पहले ही बैंक के बाहर किसानों की भीड़ लग रही है। जहां लाइन में खड़े होकर लोन लेने ग्रामीण इलाके से बड़ी संख्या में किसान पहुंच रहे चुका हैं।

- किसानों की सुविधा के लिए बैंक में दो काउंटर खोले



नोडल अधिकारी जीएन साहू ने बताया कि जिले में इस साल 498 ने करोड़ लोन बांटने का लक्ष्य मिला है। अभी तक जिले में कुल 335 करोड़ 49 लाख का लोन किसानों को बैंकों के माध्यम से दिया जा चुका है। इसमें 2 करोड़ 75 लाख रुपए नकद राशि किसानों को लोन के लिए दिया गया है। इसी तरह खाद के लिए 50 करोड़ 89 लाख का लोन बांटा गया है। बीज के लिए 8 करोड़ रुपए का लोन दिया जा चुका है। जबकि पिछले 82 हजार 594 किसानों को 423 करोड़ रुपए का लोन बांटा गया था। धान का समर्थन मूल्य बढ़ने पर धान की फसल लेने इस बार किसानों ने ज्यादा रुचि दिखाई है। यहीं कारण है कि पिछले साल की तुलना में इस बार ज्यादा किसानों द्वारा लोन लिया गया है। किसानों को किसी तरह की दिक्कतें न हो इसके लिए बैंक में 2 काउंटर खोले गए हैं। भीड़ को देखते हुए जरूरत पड़ने पर और काउंटर बढ़ाया जाएगा। ताकि बैंक में आने वाले अन्य ग्राहकों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### सिंचित व असिंचित भूमि के आधार पर दिया जा रहा लोन

नोडल अधिकारी ने बताया कि किसानों को फसलों में सिंचित व असिंचित जमीन के आधार पर लोन दिया जा रहा है। जून महीने से लोन बांटना शुरु कर दिया गया है, जो 30 सितंबर तक किसानों को लोन बांटा जाएगा। किसान निर्धारित समय में बैंक पहुंचकर लोन ले सकते हैं। यह लोन में ब्याज नहीं लगता है।

### धान बेचने के बाद कर्ज का भुगतान

धान बेचने के बाद किसान कर्ज चुका सकते हैं। उन्होंने बताया कि एक हेक्टेयर सिंचिंत 60 हजार रुपए दिया जा रहा है। इसी तरह असिंचित भूमि पर 45 हजार रुपए लोन दिया जा रहा है। एक एकड़ सिंचित भूमि में 24 हजार और असिंचित भूमि में 18 हजार रुपए का लोन किसानों को दिए जा रहे हैं।

# माता पहुंचनी पर्व पर शीतला मंदिर में उमड़ी श्रध्दालूओं की भीड़

## माता को अर्पित किए अन्न, मिष्ठान, फल, आभूषण, दिनभर चले जसगीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के विभिन्न गांवों एवं शहर के मंदिर में माता पहुंचनी का पर्व मनाया गया। जिसमें माता भक्त भारी संख्या में दर्शन के लिये पहुंचे एवं मंदिर में पुजारियों ने नीम के पत्तों के द्वारा हल्दी युक्त जल का शरीर मे छिड़काव किया गया। मां शीतला में परिवार की खुशहाली, निरोग काया का आशीर्वाद लेने बड़ी संख्या में सुबह से लेकर देर शाम तक लोग परिवार सहित मां शीतला मंदिर पहुंचते रहे। दर्शनार्थियों के हुजूम उमड़ने से शीतला मंदिर मार्ग पर मेले सा माहौल रहा। लोगों ने मां शीतला का आशीर्वाद लिया। घर से लाये अन्न, मिष्ठान, फल, आभूषण भेंट किया। मंदिर में भीगे हुए चना दाल एवं नारियल प्रसाद वितरण किया गया।



### आषाढ़ माह में माता पहुंचनी का आयोजन

छत्तीसगढ़ की लोक, कला, संस्कृति, पर्व, महोत्सव में माता पहुंचनी का भी महत्व है। पुरातन काल से यह परंपरा चली आ रही है। जिस तरह से देवी-देवताओं का दिन विशेष है, सोमवार को भोलेनाथ, मंगलवार को भगवान हनुमान, बुधवार को श्री गणेश की पूजा होती है उसी तरह देवी आराधना के लिए गुरूवार का दिन शुभ माना जाता है। गुरूवार के अलावा सोमवार को भी मां शीतला का वार माना जाता है। इसीलिए आषाढ़ माह में सोमवार या गुरूवार को एक दिन निर्धारित कर गांव-गांव में माता पहुंचनी का आयोजन ग्रामीणजन करते हैं। आयोजन की मुनादी पहले से ही कर दी जाती है। जिससे लोगों को गांव के आयोजन की पूर्व सूचना होती है। लोग अपने परिवार के साथ मां शीतला का दर्शन करने पहुंचते हैं। यहां लोगों पर हल्दी युक्त पानी की बूदें नीम के पत्ते से छिड़का जाता है। इसे ठंडई लेना कहते हैं। ठंडई लेने पहुंचे लोग माता के दरबार में यथा संभव अन्न, फल, आभूषण, पुष्प, द्रव्य अर्पित करते हैं। इस संबंध में लोगों का कहना है कि स्वस्थ्य निरोग काया और घर-परिवार की खुशहाली के लिए सालभर में यह एक अवसर आता है, जब लोग मां शीतला से आशीर्वाद लेते हैं।

### विभिन्न गांवों में हुई माता पहुंचनी

आषाढ़ माह में सोमवार या गुरूवार को एक दिन निर्धारित कर गांव-गांव में माता पहुंचनी का आयोजन ग्रामीणजन करते हैं। मंदिर पुजारी महेश पांडे ने बताया कि ग्राम बम्हनी मे माता पहुंचनी का अयोजन किया जिसमे गांव के लोग दुर्गा मंदिर प्रागण मे स्थित शीतला मंदिर में थाली मे चावल, दाल, नारियल एवं फूल अगरबत्ती लेकर मंदिर पहुचे और यहां लोगों पर हल्दी युक्त पानी की बूदें नीम के पत्ते से छिड़काव किया गया। जिसे ग्रामीण लोग ठंडई लेना कहते हैं एवं माता का आर्शीवाद लेकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना किया गया।

### जमीन बंटवारा को लेकर मारपीट, दो मामले दर्ज

**महासमुंद।** कोमाखान थाना अंतर्गत ग्राम नवाडीह कसेकेरा में दो परिवार के बीच जमीन विवाद होने से दो अलग-अलग मामले दर्ज किये गए हैं। अश्वनी बाई पटेल ने पुलिस को बताया कि 9 जुलाई 2024 को उनके गांव में माता पहुंचनी का त्यौहार मना रहे थे, जहाँ अश्वनी शाम करीबन 4 बजे गांव के मातागुड़ी में गई थी और वहां से शाम करीबन 5 बजे अपने घर आ रही थी तो उसके घाट के पास जेठ का लड़का वासुदेव पटेल व उसकी पत्नी गुंजा पटेल दोनों आकर गली में लाईट लगाने की पुरानी बातों को लेकर गंदी-गंदी गाली गलौज कर हाथ में रखे डंडे से आंख के नीचे में मार दिया जिससे उसे आंख के पास चोंटे आई, और गुंजा पटेल ने बाल को पकड़कर खींचकर हाथ मुक्का से मारपीट किया गया और वासुदेव एवं गुंजा ने जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। वही दूसरा मामले में समारी बाई पटेल ने पुलिस को बताया कि 9 जुलाई 2024 को वह भी गांव में माता पहुंचनी का त्यौहार मनाने शाम करीबन 4:30 बजे गांव के मातागुड़ी में गई थी जहां से शाम करीबन 06:00 बजे अपने घर आ रही थी तो देखी कि उसके घर के पास उसकी बहू गुंजा, अपने पति वासुदेव पटेल को घर चलो कहकर बोल रही थी और वहीं पास में ही उसका देवर मनीराम पटेल एवं उसके बेटे पन्नालाल, किशन पटेल भी रहे। जो उसे देखकर हमें जमीन का बंटवारा नही दिए हो बोले जिसपर समारी बोली कि आप लोगों को तो पहले ही जमीन का बंटवारा दे दिये हैं तो वे तीनों उसे गंदी-गंदी गाली गुप्तार करने लगे और देवर मनीराम पटेल ने अपने हाथ में रखे डण्डे से समारी बाई के बायें हांथ के कंधा में मारपीट किया, मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 115(2) बीएनएस,296 बीएनएस, 3(5) बीएनएस, 351(2) बीएनएस, पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।




## खबर संक्षेप

### रास्ते से हटने के लिए कहने पर मारपीट

**महासमुंद**। पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम फुटगुना के मिडिल स्कूल के पास रोड किनारे खड़े लोगों को रास्ते से हटने के लिए बोलने पर मारपीट करने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बलौदाबाजार जिले के ग्राम तुरमा निवासी छोटेलाल केंवट ने पुलिस को बताया कि 8 जुलाई को वह अपने सायकल से मुर्गा खरीदने ग्राम गड़बेड़ा गया था। रात करीब 9 बजे मुर्गा खरीदकर वापस ग्राम फुटगुना जा रहा था, तभी फुटगुना के मिडिल स्कूल के पास फुटगुना के दिलीप निषाद, महेन्द्र दीवान, प्रदीप दीवान व उनके साथी बैठे रहे उनको रोड से किनारे होने, रास्ता देने के लिए कहने पर तू कौन होता है हमें रास्ता से हटाने वाला कहकर छोटेलाल को अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का लात से मारपीट करने किया। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी खिलाफ 115(2)बीएनएस, 296 बीएनएस, 3(5) बीएनएस, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### अवैध शराब के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार

**महासमुंद**। सिटी कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों से कुल 12.6 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति भलेसर रोड सितली नाला के पास अवैध रूप से शराब रखे हैं, जिसकी बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपी दिलीप बघेल पिता चंद्रशेखर बघेल 35 साल निवासी वार्ड नं 25 स्वीपर कालोनी महासमुंद, तथा गुड्डू जगत पिता चित्रू जगत उम्र 29 साल निवासी वार्ड नं 24 कुम्हारपारा महासमुंद पकड़ा। जिसके कब्जे में एक सफेद प्लास्टिक बोरी की तलाशी लेने पर 45 पौवा देशी प्लेन शराब (शोले) एवं 25 नग पौवा गोल्डन गोवा शराब रखा मिला। मामले में पुलिस ने आरोपी दिलीप बघेल व गुड्डू जगत के संयुक्त कब्जे में मिले एक सफेद प्लास्टिक बोरी में 45 पौवा देशी प्लेन शराब (शोले) प्रत्येक पौवा में कीमती 4050 रुपए एवं 25 नग पौवा गोल्डन गोवा कीमती 3250 रुपए कुल जुमला कीमती 7300 रुपए को जब्त किया।

## आंदोलन: कांग्रेस के बाद शिवसैनिकों ने पंडाल में पहुंचकर जताया समर्थन

# चौथे दिन भी जारी रही पटवारियों की हड़ताल प्रभावित हो रहे राजस्व संबंधी कामकाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




भुईयां ऐप में आनलाइन एंट्री में हो रही गड़बड़ियों समेत 32 सूत्रीय मांगों को लेकर पूरी राजस्व पटवारी संघ की हड़ताल पटवारी कार्यालय के समक्ष चौथे दिन भी जारी रही हड़ताल केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी भू स्वामी योजना तथा राज्य सरकार का राजस्व पखवाड़ा प्रभावित है। जिले के 2 स्थानों पर पटवारी भुइयां एप की विसंगति सुधारने की मांग को लेकर डटे हुए हैं जिले में कुल 280 पटवारी हैं।

मुख्यालय में बागबाहरा तथा महासमुंद के 250 पटवारी धरना दे रहे। तो बसना पिथौरा और सरायपाली में 30 पटवारी धरने पर हैं। मिली जानकारी के अनुसार 6 जुलाई से राज्य शासन का राजस्व पखवाड़ा शुरू हुआ है जो पटवारियों के हड़ताल की वजह से ठप है। इधर किसानों का नामांतरण, फौती, सीमांकन, स्कूल की आय जाति निवास कार्य प्रभावित है। केंद्र की भू स्वामी योजना को लेकर पूरे जिले में ड्रोन से सर्वे हुआ है। अब मैप के अनुसार पट्टा वितरण करना है। लेकिन, ये प्रभावित है साथ ही राजस्व न्यायालय तथा न्यायालय के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। अगर आंदोलन लंबा खींचा तो लोगों की परेशानी बढ़ सकती है।

### भुइयां एप में अजीबोगरीब त्रुटियां

जिलाध्यक्ष संतोष सोनी के मुताबिक भुइयां एप में अजीबोगरीब त्रुटियां हो जाती है जिससे किसानों तथा पटवारियों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है। यदि एप में 5 नाम सेव करें तो 4 नाम गायब हो जाता है। खसरा नंबर इधर से उधर हो जाता है, पिता लिखा गया नाम पति वन जाता है। पूर्व में मैन्युअल कार्य में यदि लिपिकीय त्रुटि हुई तो महज 10 मिनट में उसे सुधार लिया जाता था। अब इसके लिए किसानों को डेढ़ से 2 साल दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे।

### 32 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारियों का हड़ताल, शिवसेना का समर्थन

शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने पटवारियों के धरना स्थल पहुंचकर पटवारीयों द्वारा जारी 32 सूत्रीय मांगों का समर्थन किया। ठाकुर ने कहा कि पटवारियों द्वारा जटिल परिस्थितियों में भी संयम से कार्य किया जाता रहा है। मोर भुइयां साफ्टवेयर में जटिल त्रुटियों के चलते आन लाइन त्रुटियां हो रही है। जिसके चलते गांव गांव में असंतोष की स्थिति है। और उस स्थिति में भी पटवारियों को वर्षों से कार्य करना पड़ा, लेकिन अब स्थिति अनियंत्रित होने लगी है। जिस कारण पटवारियों को अपनी मांगों को लेकर धरना में बैठना पड़ रहा है। ठाकुर ने आगे कहा कि स्थानीय पुलिस द्वारा बिना जांच के पटवारियों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया जाना बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण है। पटवारियों की हड़ताल से किसान, विद्यार्थी, आम जनता के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पटवारियों की मांगें जायज है। शासन-प्रशासन द्वारा अभी तक इस गंभीर विषय में ध्यान न देना दुर्भाग्यजनक है। शासन प्रशासन द्वारा त्वरित पटवारियों की जायज मांग पूर्ण की जानी चाहिए। समर्थन के दौरान शिवसेना के जिलाध्यक्ष अजय बंजारे, नीरज आदि शिव सैनिक भी उपस्थित रहे। ठाकुर द्वारा ठेकेदार यूनियन के जिलाध्यक्ष होने के नाते भी ठेकेदार यूनियन की ओर से पटवारियों के हड़ताल का समर्थन किया गया।



# पटवारी हड़ताल पर, राजस्व निरीक्षकों पर थोपे जा रहे कार्यों पर संघ ने जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पटवारियों के हड़ताल में चले जाने के बाद राजस्व निरीक्षकों के ऊपर पटवारियों द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्यों को अधिरोपित नहीं करने एवं सीमांकन के दौरान राजस्व निरीक्षक से मारपीट किए जाने की घटना पश्चात सुरक्षा की मांग को लेकर अब राजस्व निरीक्षको ने भी मोर्चा खोल दिया। राजस्व निरीक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर महासमुंद राजस्व निरीक्षक संघ द्वारा अपर कलेक्टर से भेंट कर ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान संघ के ज़िलाध्यक्ष दौलत ठाकुर, ताहर सिंह ठाकुर, भीम साहू, दिलीप बांधे, पोवन बघेल, पुरुषोत्तम बरिहा, राकेश यादव, युगेन्द्र वर्मा, मुकेश साहू, मोहन साहू, हरीश बेहरा, उत्तर कुमार साहू, मनीष श्रीवास्तव एवं अन्य राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे। ज्ञापन में बताया गया है कि हल्का पटवारी के अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाने से उनके द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्य जैसे-आय, निवास, जाति प्रमाण पत्र के साथ-साथ अन्य शासकीय कार्य विभिन्न जिलों में पदस्थ राजस्व निरीक्षकों को करने के लिये उनके राजस्व अधिकारियों द्वारा आदेशित किया जा रहा है। व्यक्ति की आर्थिक स्थिति, उनकी धारित कृषि भूमि/आवासीय भूमि, जाति एवं उनके वारिसानों की जानकारी क्षेत्रीय कर्मचारी होने के कारण संबंधित हल्का पटवारी को होती है। सीमांकन/नक्शा बटांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार/मौका जांच हेतु राजस्व निरीक्षकों को पटवारी द्वारा अद्यतन की जाने वाली राजस्व अभिलेखों की आवश्यकता होती है। चालू राजस्व अभिलेख उपलब्ध नहीं हो पाने की स्थिति में सीमांकन / नक्शा बटांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार के प्रतिवेदन का कार्य प्रभावित होने की संभावना है। पटवारी चालू नक्शा में बटांकन नहीं होने के बाद भी सक्षम न्यायालय से प्राप्त सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण के समय राजस्व निरीक्षकों के साथ मारपीट एवं आवेदक के मन मुताबिक कार्य नही होने के कारण आवेदक/अनावेदकों द्वारा राजस्व निरीक्षकों के विरूद्ध झूठी और मनगंढ़त आरोप लगाया जाता है। जिससे राजस्व निरीक्षकगण अकारण मानसिक रूप से प्रताड़ित किये जा रहे हैं। पटवारियों की हड़ताल को लेकर आरआई संघ ने कहा है कि धरनारत सभी शासकीय कर्मचारियों के नीतिगत मांगो की जनसुविधा के दृष्टिगत पटाक्षेप किया जाए।

# आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना के तहत मिले ऋण से दशोदा ध्रुव ने खोली किराना दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद जिले के नयापारा में निवास करने वाली 47 वर्षीय दशोदा ध्रुव ने अपने पति शारदा प्रसाद ध्रुव के साथ एक आदर्श उद्यमिता की मिसाल पेश की है। उन्हें आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना के तहत 1,00,000 रुपए का ऋण प्राप्त हुआ। इस ऋण से उन्होंने एक किराना की दुकान शुरू की, जिसे वो सफलतापूर्वक संचालित कर रही है। इस व्यवसाय के जरिए वे अपने परिवार का भरण-पोषण ही नहीं कर रही हैं, बल्कि ऋण की मासिक किश्त जिसे वे नियमित रूप से चुका रही हैं।

दशोदा ध्रुव ने बताया कि उनके पति पहले एक मजदूर के रूप में कार्य करते थे और वे एक गृहिणी थी। उन्होंने बताया कि दुकान खोलने से उनकी मासिक आय में वृद्धि हुई है। पहले उनकी मासिक आय 5000 रुपए थी, जो अब बढ़कर 8000 से 10000 रुपए तक हो गई है। इस बढ़ी हुई आय ने न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर किया है। दशोदा ध्रुव की यह सफलता न केवल उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है, बल्कि यह भी दिखाती है कि सही समर्थन और संसाधनों के साथ, महिलाएं किसी भी चुनौती का सामना कर सकती हैं और आत्मनिर्भर बन सकती हैं। आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना ने उनके सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# पंचायत सचिव के साथ मारपीट व अंगूठे को दांत से अलग करने के मामले में आरोपी को 3 वर्ष की सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेमचा के सचिव के साथ मारपीट करने व अंगूठे को दांत से काटकर अलग करने के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया ने महासमुंद थाना क्षेत्र के ग्राम नयापारा बेमचा निवासी 42 वर्षीय रज्जू सतनामी पिता बाबूलाल सतनामी को भारतीय दंड संहिता की धारा 333 व 326 में 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास व 5-5 सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर दो-दो माह का कारावास पृथक से भुगतना होगा। इसी तरह धारा 353 में एक वर्ष व धारा 323 में 6 माह सश्रम कारावास की सजा भी आरोपित को सुनाई गई है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी।

अभियोजन के अनुसार पंचायत सचिव चंद्रमणी चंद्राकर ने महासमुंद थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह पंचायत सचिव के पद पर बेमचा में पदस्थ है। 6 जनवरी 2022 को ग्राम पंचायत में सुबह 11 बजे से शासकीय काम कर रहा था।

उसके साथ रोजगार सहायक संतोष भारती, पंच लक्ष्मी नारायण कहार, चपरासी रोहित सेन थे, तभी करीब डेढ़ बजे के आसपास बेमचा का रज्जू सतनामी शराब के नशे में आकर धमकी भरे लहजे में तेरा ट्रांसफर कराऊंगा और जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लील गालियां दी। झगड़ा करते हुए धक्का मुक्की करते हुए प्रार्थी को गेट के पास लाया और हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। इसी दौरान आरोपित उसके बाये अंगूठे को मुंह में दांतों से दबाकर काटा और अंगूठा अलग कर दिया। इसके अलावा शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोटे आई थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कटे हुए अंगूठे की जब्ती बनाई। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। अभियोजन की ओर लोक अभियोजक भूपेंद्र चंद्राकर ने पैरवी की।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**महासमुंद**। गुरुवार को नवकिरण अकादमी में राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता पदक सम्मान समारोह 2023-24 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शासन द्वारा प्राप्त पदक सम्मान व राशि बैंक ड्राफ्ट का वितरण किया। इस दौरान प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी विद्यार्थी प्रियांशु साहू बेसबाल 17 वर्ष, झलेन्द्र कुमार साहू बेसबाल 19 वर्ष, डोमेश्वरी साहू बेसबाल 14 वर्ष शाउमावि भोरिंग व बबिलास मुर्मू कबड्डी 14 वर्ष, योगेश सागर कबड्डी 14 वर्ष, जेएमएस उमावि जगदीशपुर को मोमेंटो, पदक सम्मान राशि बैंक ड्राफ्ट 21000 व ब्लेजर देकर सम्मानित किया गया। व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई शाउमावि भोरिंग व हेमन्त बारीक जेएमएस जगदीशपुर को मोमेंटो से सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सभी खिलाड़ियों एवं जिले के व्यायाम शिक्षकों को अधिक से अधिक राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला शिक्षा अधिकारी मोहनराव सांवत ने जिले के व्यायाम शिक्षकों को अपने कार्यशैली में प्रभावी परिवर्तन करते हुए खिलाड़ियों के योग्यतानुसार खेल चयन की बात कही। सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजली बरमाल द्वारा आगामी सत्र 2024-25 का जिला वार्षिक खेल कैलेण्डर के लिए व्यायाम शिक्षकों को स्थान चयन कर क्षेत्रीय प्रतियोगिता की तैयारी कर कैलेण्डर अनुसार खेल सम्पादन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश साहू, संदीप दीवान, प्रदीप चन्द्राकर, पवन पटेल, झनक लाल साहू, मंगेश टांकसाले, बन्टी शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

# किसानों को पर्याप्त बारिश का इंतजार, रोपाई का कार्य अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

आषाढ़ मास बीतने को है, लेकिन क्षेत्र के अधिकांश डबरी व तालाब अभी खाली है। खेत-खलिहान में जानवरों को पीने के लिए पानी भी नहीं मिल रहा है। आषाढ़ मास में पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण गर्मी में जो बोर सूख गए थे, वो अभी भी पर्याप्त पानी नहीं दे पा रहे हैं। इस कारण किसान सबमर्सीबल पंप होने के बाद भी रोपाई का कार्य प्रारम्भ नहीं कर पा रहे है।

सभी पर्याप्त बारिश का इंतजार कर रहे हैं। ताकि, बारिश की पानी और बोर पंप के पानी से रोपाई कार्य करने में सुविधा हो। लेकिन, दिन और रात में भी आसमान में बादल नहीं होने से किसानों को अब अकाल की साया नजर आने लगी है। नगर सहित अंचल के गांवों में हल्की बरसात के अलावा व्यापक वर्षा नहीं होने से किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। रुक-रुक कर वर्षा नहीं होने के कारण खेतों में बोर होने के बाद भी किसान खेतों में धान के नर्सरी का रोपाई कार्य नहीं कर पा रहे है। क्योंकि, जमीन सूखा होने के कारण पानी खेतों में सूख जा रहा है। और खेत को रोपाई के लिए तैयार नहीं कर पा रहे हैं। अभी तक सिर्फ हल्की वर्षा हुई है। ज्यादा वर्षा नहीं होने के कारण नाले व खेतों में पानी ही नहीं है। साथ ही बोर पंप भी रिचार्ज नही हुआ है। वहीं गांव के डबरी व तालाब भी वर्षा नहीं होने के कारण अभी तक गर्मी की स्थिति जैसी सूखा ही है। इसी प्रकार कुछ दिनों तक वर्षा नहीं हुआ तो किसानों पर अकाल की साया मंडरा रहा है। किसानों के बुआई वाले धान पीले पड़ने व रोपाई नहीं कर पाने पर थरहा के धान बढ़ जाने से किसानों को वर्षा होने की स्थिति में परेशानी का सामना करना पड़ेगा।



**वर्षा नहीं होने से किसान चिंतित:** मानसून के बाद उपजे हालात से कृषक वर्ग चिता में डूब गए हैं। वहीं आमजन भी गर्मी से बेहाल हैं। बंगाल की खाड़ी में इस माह के शुरूआत में बने सिस्टम के बाद अब तक कोई मजबूत सिस्टम तैयार नहीं हुआ है, यही वजह है कि प्रदेश में बारिश पूरी तरह से ठप्प हो चुकी है। राज्य में इस समय बारिश न होने से जुलाई का माह अप्रैल मई जैसा तपना शुरू हो गया है। वहीं अभी निकट भविष्य में भी झमाझम बारिश की उम्मीद काफी कम है। बंगाल की खाड़ी में कोई मजबूत सिस्टम तैयार न होने से प्रदेश में बारिश की गतिविधियों पर अब पूरी तरह से विराम लग गया है। बारिश के लिए मजबूत सिस्टम तैयार नहीं होने के कारण क्षेत्र में व्यापक वर्षा नहीं हो रही है। जिसके चलते नगर सहित आसपास के गांवों में बारिश की गतिविधियों पर वर्तमान में पूरी तरह से विराम लग चुका है। इस समय सूखे के हालात निर्मित हो गाए है। अधिकतर जीवन दायिनी नदियों का जलस्तर जस का तस बना हुआ है। वहीं तालाबों व बांधों की स्थिति भी दयनीय बनी हुई है। बारिश न होने से जहां बांधों का जलस्तर कम बना हुआ है तो वहीं तालाबों के जलस्तर में भी कोई बदलाव नहीं आया है। आलम यह है कि बांधों के बचे हुए पानी से ही पेयजल आपूर्ति चल रही है। यदि इस माह झमाझम बारिश नहीं हुई तो निश्चित रूप से आने वाले माह से पेयजल के लिए फिर से संकट खड़ा हो जाएगा।

# समाज में सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित कराना ही नए कानूनों का उद्देश्य : एएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा तिवारी ने पुलिस कंट्रोल रूम महासमुंद में देश में गत 1 जुलाई से लागू हुए 3 नए कानूनों-भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के संबंध में जिले के मीडिया प्रतिनिधियों की बैठक लेकर जानकारी दी गई और अधिक से अधिक जनजागरुकता लाने एवं न्यूज़ के माध्यम से प्रचार प्रसार कर लोगों तक नवीन क़ानून की जानकारी साझा करने को कहा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा तिवारी ने नवीन क़ानून की जानकारी देते हुए बताया कि इन कानूनों का उद्देश्य समाज में सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर उन्होंने आपराधिक न्याय प्रणाली में किए गए नवाचारों और सुधारों की जानकारी दी, जिससे न्याय की प्रक्रिया और भी प्रभावी और समयबद्ध हो सके। इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना है। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता कानून का उद्देश्य न्यायिक प्रक्रियाओं को सरल और त्वरित बनाना है। इसके तहत न्यायालयों के कार्य में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता कानून नागरिकों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए लागू किया गया है। इसके तहत पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को जिम्मेदारियां दी गई है। ताकि, वे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने अंतिम नवीन क़ानून के बारे में बताते हुए कहा कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम का उद्देश्य न्यायिक प्रक्रिया में साक्ष्यों की विश्वसनीयता और प्रामाणिकता को सुनिश्चित करना है। इसके तहत साक्ष्यों के संग्रहण, प्रस्तुति, और मूल्यांकन में सुधार किए गए हैं। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजय शंकर त्रिपाठी, एसडीओपी कृष्णा पटेल, रक्षित निरीक्षक दीप्ति कश्यप और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इसके पश्चात अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजय शंकर त्रिपाठी ने कार्यक्रम में नवीन क़ानून के संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत नागरिकों को प्रदत्त अधिकारों, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध से निपटने के लिए शामिल किए गए धाराओं, न्याय प्रणाली में प्रौद्योगिकी का समावेश, अपराधों एवं दंडों का पुनर्परिभाषित, आपराधिक न्याय प्रणाली में परिवर्तन, पुलिस की जवाबदेही और पारदर्शिता, आईपीसी और बीएनएस की सामान्यतः प्रयुक्त धाराओं तथा मोबाइल ऐप एनसीआरबी आपराधिक कानूनों का संकलन समय और शीघ्र न्याय के लिए जोड़े गए धाराओं के बारे में एवं कानूनों में किए गए मुख्य परिवर्तन एवं विशेषताओं को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि कानूनों की जानकारी के अभाव में नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों का पूरा ज्ञान नहीं हो पाता, जिससे कई बार समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया जन जागरुकता फैलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। मीडिया के माध्यम से सही और सटीक जानकारी लोगों तक पहुंचाई जा सकती है, जिससे कानून व्यवस्था में सुधार होगा और समाज में शांति और सुरक्षा बढ़ेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मीडिया इस पहल में सहयोग करेगी और नवीन कानूनों की जानकारी और जागरुकता फैलाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।



# उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्जवल करें विद्यार्थी : योगेश्वर

**महासमुंद**। गुरुवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शासकीय डीएमएस हायर सेकेंडरी स्कूल के शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की पूजा कर की। इसके बाद नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर और पाठ्य पुस्तक वितरण कर स्वागत किया।बता दें कि विधायक सिन्हा शासकीय डीएमएस स्कूल के छात्र रह चुके हैं, जहां मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पर उन्हें अपने स्कूल के दिन याद आ गए। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव भी साझा किए। साथ ही जीवनपथ में निरंतर अग्रसर रहने के लिए उन्हें प्रेरित भी किया। वहीं स्कूल की ओर से विधायक के समक्ष कुछ समस्याएं भी रखी गई, जिन पर उन्होंने त्वरित संज्ञान लिया। स्कूल में पेयजल व्यवस्था प्रभावित होने की समस्या सामने आई तो विधायक सिन्हा ने तुरंत संबंधित विभाग के अधिकारी को समस्या का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। वहीं स्कूल के कुछ भाग जर्जर होने के कारण जगह की कमी की बात कहने पर कॉलेज प्रबंधन से चर्चा कर उनके भवन के अतिरिक्त कक्ष में व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश साहू, संदीप दीवान, प्रदीप चन्द्राकर, पवन पटेल, झनक लाल साहू, मंगेश टांकसाले, बन्टी शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### गढ़सिवनी में पुस्तक एवं गणवेश वितरण

**महासमुंद।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक शाला गढ़सिवनी में पदुमन सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गढ़सिवनी के प्रचार्य श्रवण कुमार दास के मुख्य आतिथ्य में प्रवेशित बच्चों को गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संरक्षक जीवनलाल साहू ने की। बतौर विशेष अतिथि विद्यालय के संयोजक मनोज साहू मौजूद थे। इस मौके पर अतिथियों ने नवप्रवेशित बच्चों का गुलाल लगाकर अभिनंदन किया तथा अपने संबोधन में कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। आगे चलकर देश सेवा में इनका महत्वपूर्ण योगदान होगा। इस विद्यालय में प्रवेशित बच्चों की बुनियादी शिक्षा की शुरुआत हो रही है, इसलिए सभी मन लगाकर पढ़ें व अपने भविष्य को संवारे। प्रधानाचार्य दिलीप कुमार साहू ने शासन एवं विभाग के विभिन्न योजनाओं की जानकारी और विद्यालय की उपलब्धियां से अवगत कराया। कार्यक्रम में कौशल साहू, चेतन साहू, रेखराम, जीवराखन साहू, रंजीत कुमार यादव, रंजीत कुमार निषाद, हीरा सोनकर, किरण साहू, कलेश्वरी सोनकर, खेमलता ध्रुव, ओमकुमारी साहू, पिंकी यादव, वंदना साहू, राधिका ध्रुव आदि उपस्थित रहे।



### सेवानिवृत्ति पर वरिष्ठ व्याख्याता को दी विदाई

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद स्कूल तुमगांव में वरिष्ठ व्याख्याता टिकेश्वर गजेंद्र का सेवाकाल पूर्ण होने पर सम्मान एवं विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें व्याख्याता गजेन्द्र, श्रीमती गजेन्द्र, भावना गजेन्द्र का तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। समस्त शिक्षकों द्वारा श्रीफल, शॉल, स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर उनका सम्मान किया गया।
कार्यक्रम में व्याख्याता गजेंद्र ने भावविभोर होकर अपने सेवाकाल के दिनों को याद करते हुए अनुभवों को सभी से साझा किया। साथ ही उन्होंने बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया। संस्था के प्रमुख एल कुरिल ने गजेन्द्र को उनके सफल सेवाकाल पूर्ण होने की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम में प्राचार्य एल कुरील, आईएल साहू, के आर साहू, तारक, धीवर, कामता, डडसेना, गेंद्रे, ज्योति सिंह, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, नवीन दास, सागर झा, सत्यम पांडेय, सजल चंद्राकर, तरूण सिन्हा, एलएन साहू, लोकेश साहू, डोलेश होता, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा, भारती भार्गव, वेनिका लकड़ा, सोनाली साहू, मोनिका यादव, प्रगति साहू, लिली मजखंड, नलिनी, चेतना, रूपाली गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

**पौधारोपण : आमजनों से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभाने की अपील**

# वन महोत्सव कार्यक्रम में सांसद एवं विधायक ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्नान किया था। देश के नागरिकों से इस वर्ष वर्षा ऋतु में अपनी मां के सम्मान के लिए सम्मान स्वरूप एक पौधा लगाने का आह्वान किया है। जिसके तहत सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा ने आज एक पेड़ मां के नाम अभियान में ग्राम खैरा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आयोजित वन महोत्सव में विभिन्न फलदार पौधा रोपण किया गया और आमजनों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि आज हम प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर यहां एक जगह एकत्र





हुए हैं। हमारे प्रधानमंत्री ने बहुत ही भावनात्मक अपील की है। पेड़ से हमें ऑक्सीजन मिलता है। पेड़ जरूर लगाना चाहिए, लेकिन सुरक्षा भी करना चाहिए। पेड़ लगाकर भूले नहीं, पेड़ को पानी दे और उसका रखरखाव करें। उन्होंने कहा कि यहां के बच्चे और ग्रामीण अपने घर या खेतों में अवश्य पेड़ लगाएं और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करें। पेड़ लगाने के नाम से महासमुंद जिला का अलग से पहचान बनाएं। इस अवसर पर उन्होंने अपनी माता हीरावती पटेल के नाम पर बरगद पौधा का रोपण किया।

वन महोत्सव कार्यक्रम में विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मां शब्द से सुनकर एक अलग भावना मन में जागृत हो जाता है। प्रधानमंत्री के अपील पर अवश्य पेड़ लगाएं। यह पेड़ जब तक रहेगा तब तक मां का नाम रहेगा। आने वाले समय में यही पेड़ पर्यावरण के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने के साथ जाली लगाकर पेड़ की सुरक्षा करें। उन्होंने अपनी मां चुमकेश्वरी सिन्हा के नाम पर बेल पेड़ का पौध रोपण किया। उन्होंने कहा कि यहां स्कूल की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल भी बनाया जाएगा।

वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत ने बताया कि पेड़ की असली महत्ता को कोरोना काल ने सिखाया है। आज हर व्यक्ति को अच्छी सेहत के लिए 20 पेड़ की आवश्यकता है। इसलिए हमें कम से कम 20 पेड़ लगाना ही चाहिए और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकासखण्ड में निःशुल्क वाहन के माध्यम से ही फलदार और छायादार पेड़ों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। सभी ग्रामीण इसका अवश्य लाभ उठाएं। कलेक्टर प्रभात मलिक, वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने भी एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण कर जिलेवासियों से पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। महोत्सव में लोगों को निःशुल्क पौध का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, पार्षद मीना वर्मा, महेंद्र जैन, मुन्ना देवार, मंगेश टकसाले, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, सरपंच खैरा, नीलम कोसरे, चंद्रहास चंद्राकर, संदीप दीवान, सुधा साहू, मनीष शर्मा, प्रकाश शर्मा, प्रदीप चंद्राकर, रमेश साहू, देवेंद्र चंद्राकर, हनीश बग्गा, श्याम साकरकर उपस्थित थे तथा उप वनमंडलाधिकारी अब्दुल वहीद खान एवं परिक्षेत्र अधिकारी करमाकर एवं वन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## ब्लड बैंक और आधुनिक आपरेशन थिएटर के लिए एक करोड़ की राशि स्वीकृति पर जताई सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल गत दिनों अलका चंद्राकर के जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे। जहां मंत्री का आतिशबाजी एवं फूल मालाओं से कार्यकर्ताओं एवं अलका ने स्वागत किया। इस अवसर पर खल्लारी विधानसभा के स्वास्थ्य विभाग संबंधित विभिन्न समस्याओं पर मंत्री का ध्यानाकृष्ट कराते हुए ज्ञापन सौंपा गया। मांगों में बागबाहरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए नवीन भवन, बागबाहरा में विशेषज्ञ डॉक्टर, एमडी मेडिसिन,



एनेस्थीसिया, बागबाहरा में ब्लड बैंक की स्थापना एवं आधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, नर्सिंग स्टाफ, नर्रा में पीएससी भवन की मांग शामिल है। जिस पर मंत्री ने शीघ्र ही ब्लड बैंक एवं आधुनिक ऑपरेशन थिएटर के लिए एक करोड़ की राशि स्वीकृत करने के लिए अपनी सहमति प्रदान भी की। इस अवसर पर शंकर टांडी, संजय मालवीय, जसराज चंद्राकर, नरेंद्र बग्गा, दुर्गा वस्त्रकार, लोकेश साहू, बृजेश गुप्ता, दिलीप चंद्राकर, मनिंदर सिंह, शिव साहू, हरमीत बग्गा, आबिद कुरैशी, दुबे लाल आदि उपस्थित रहे।

## वेतन वृद्धि, नियमितीकरण समेत 18 बिंदुओं पर मांग, सीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ अमित मिरी व कौशलेश तिवारी, एनएचएम संघ प्रदेश संगठन प्रमुख डॉ रविशंकर दीक्षित, पूरन दास के मार्गदर्शन में जिला महासमुंद रामगोपाल खूंटे जिला अध्यक्ष द्वारा स्वास्थ्य विभाग के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि व संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण सहित 18 बिंदू मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी संघ अपने लंबित पुरानी मांगों को लेकर लगातार माँग पत्र मंत्री एंव विधायक को दे रहे हैं। ज्ञात हो कि पिछले जुलाई 2023 के अनुपूरक बजट में सभी विभागों के संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा किया गया था, जिसमें 37000 हजार संविदा कर्मचारियों के लिए 350 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था। लेकिन, बहुत से विभागों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त हो चुका है। जिसमें मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन आदि है। लेकिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों को अभी तक 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। इस संबंध में मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सहित 24 बार विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन दिया जा चुका हैं। बाद भी किसी भी प्रकार से निराकरण नहीं हुआ। जिसके कारण संविदा स्वास्थ्य एनएचएम कर्मचारियों में लगातार रोष व्याप्त है। उक्त मांग को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन पत्र सौपा गया।

इस दौरान संघ के जिला अध्यक्ष रामगोपाल खूंटे, बीएल मिश्र, देवेंद्र साहू, कोमल कुमार साहू, देवकुमार डड़सेना, अनसुमन चंद्राकर, एकेश्वर शुक्ला, उत्तम श्रीवास, परमेश्वर सेन, मनीष भारद्वाज, सुरेन्द्र चद्राकर, पूर्णिमा चंद्राकर, अनसुया कुर्रे सहित स्वास्थ्य विभाग के संविदा अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित शामिल रहे।

## बाहरी व्यापारियों को लाभ पहुंचाने जेम पोर्टल शुरू कर रही भाजपा सरकार

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा के 15 साल के कमीशनखोरी को समाप्त करने सीएसआईडीसी के तहत उद्योग नीति बनाई थी। जिसमें स्थानीय उद्योगपतियों को मौका दिया जाता था। स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा था। बघेल ने भाजपा के 15 वर्षों से चल रहे बाहरी व्यापारियों का धंधा बंद कर दिया था। जिसे राज्य के साय सरकार द्वारा पुनः बाहरी भाजपाइयों व गुजरात के उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने जेम पोर्टल शुरू करने जा रही है। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि जेम पोर्टल से स्थानीय रोजगार पर संकट खड़ा हो जाएगा। भाजपा सरकार के इस कदम से राज्य के छोटे उद्योगों, व्यापारियों और कुटीर उद्योगों को बड़ा नुकसान होगा। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार सीएसआईडीसी के माध्यम से रेट कॉन्ट्रैक्ट निर्धारित कर सरकारी खरीदी करती थी, जिससे स्थानीय व्यवसायियों और युवाओं को रोजगार मिलता था। भाजपा सरकार का जेम पोर्टल से खरीदारी का निर्णय गुजराती व्यापारियों और बाहरी भाजपाइयों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लिया गया है। चंद्राकर ने कहा कि जेम पोर्टल से सबसे ज्यादा सप्लाई गुजरात के व्यापारी



करते हैं और यह निर्णय केंद्र सरकार के दबाव में लिया गया है। जिससे छत्तीसगढ़ के व्यवसायियों को नुकसान होगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीएसआईडीसी के रेट कॉन्ट्रैक्ट के माध्यम से सप्लाई में कोई भ्रष्टाचार नहीं होता था, बल्कि यह एक पारदर्शी व्यवस्था थी जिससे स्थानीय व्यवसायियों को संरक्षण मिलता था। उन्होंने ने भाजपा सरकार से यह स्पष्ट करने की मांग की है कि सीएसआईडीसी के रेट कॉन्ट्रैक्ट में किस प्रकार भ्रष्टाचार होता था। जेम पोर्टल के माध्यम से स्थानीय बेरोजगारों का रोजगार छीनकर मोटा कमीशन वसूलने की साजिश की जा रही है।

## नवयुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ ने वेतन संबंधी समस्या को लेकर सांसद और विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवयुक्त अधिकारी/कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को नगरीय निकायों में वेतन समस्या को लेकर मुख्यमंत्री को ध्यानकर्षण कराने ज्ञापन सौंपा।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, कोषाध्यक्ष संदीप चन्द्राकर, महामंत्री सुरेश तिवारी ने बताया है कि नगरीय निकायों में वेतन समस्या हमेशा से ही बनी हुई है। 3 या 4 माह का वेतन एक साथ कभी-कभी कर्मचारियों को मिलता है। यह समस्या सालों है। वेतन समस्या पर न ही निकाय ध्यान दे रहा है न ही शासन द्वारा कोई सार्थक पहल किया



जा रहा है। इस संबंध में नगरीय निकाय कर्मचारी संगठनों ने वेतन समस्या पर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के नगर पंचायत, नगर पालिका एवं नगर निगमों में 18 एवं 19 जुलाई को काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन करने, 22 जुलाई को कलमबंद हड़ताल करने तथा 29 जुलाई को जिला स्तरीय आंदोलन करने का निर्णय विभिन्न संगठनों ने लिया है।

सोनी ने बताया है कि वर्तमान स्थिति में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 1 से 4 माह का वेतन भुगतान लंबित हैं। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री नगरीय प्रशासन को लंबित वेतन भुगतान के लिए राशि आबंटन किए जाने पत्र के माध्यम से अवगत भी कराया गया हैं। इस दौरान सुरेश तिवारी महामंत्री रायपुर संभाग, जय किशन, ललित साहू, शुभम सोना तथा अन्य नगर पालिका परिषद महासमुंद के कर्मचारीगण शामिल हुए।

### छात्रों को जनसंख्या वृद्धि के कारण होने वाली समस्याओं तथा उनके रोकथाम के बारे में दी गई जानकारी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा स्टेट प्लान आफ एक्शन के तहत 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर न्यायाधीशों द्वारा विभन्न स्कूलों तथा



गांवों में जाकर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस तारतम्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा द्वारा देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को जनसंख्या वृद्धि के कारण होने वाले समस्याओं तथा उनके रोकथाम संबंधी जानकारी दी गई। इसके अलावा विधिक जागरुकता भीम पर अधारित विषयों पर भी चर्चा की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को महिलाओं से संबधित होने वाले अपराध तथा उनके अधिकारों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा गुड टच बेड टच, बाल श्रम कानून, माता पिता वरिष्ठ भरण-पोषण अधिनियम, लैगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, पीड़ति क्षतिपूर्ति योजना आदि विषयों पर छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। उन्होंने नालसा एवं सालसा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो तथा उससे मिलने वाले विधिक सलाह एवं सहायता के विभिन्न योजनाओं के बारे में बताते हुए बताया कि पात्र व्यक्ति किसी कानूनी सहायता एवं सलाह की आवश्यकता पड़ने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संपर्क कर निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुई मातृ गोष्ठी, कार्यक्रम में जुटीं महिलाएं





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में मातृ गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हीना ठुमर अखिल भारतीय संयोजिका सुवर्ण प्राशन प्रमुख गुजरात, कार्यक्रम की अध्यक्षता हंसा राठी शिशु वाटिका पूर्व प्रांत प्रमुख छत्तीसगढ़, विद्यालय की प्राचार्य राजश्री ठाकुर, विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओम एवं भारत माता के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पण, तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के शिशु वाटिका प्रमुख गुरुवारी सोनी एवं आचार्या किरण सोनी ने किया। मातृ गोष्ठी में प्रथम कालांश में माताओं की कार्यशाला हुई। जिसमें भैया बहनों के पूर्ण गणवेश, पुस्तक वितरण, शुल्क के संबंध में चर्चा की गई। द्वितीय कालांश में संस्कार पक्ष के विषय में छात्र-छात्राओं को अपने से बड़ों को प्रणाम करना, भोजन मंत्र करना, भूमि वंदन करना की जानकारी दी गई। तृतीय कालांश में हीना ठुमर द्वारा सुवर्ण प्राशन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। हीना ने कहा कि सुवर्ण प्राशन बच्चों के लिए वरदान है। स्वास्थ सुरक्षा में वृध्दि करने वाली, कश्यप संहिता के आधार पर जन्म से बारह वर्ष तक के बच्चों में सुवर्ण प्राशन के सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। साथ ही यह सुरक्षा कवच का काम करता है। संक्रमणों से बचाता है। मौसमी बदलाव, सर्दी, खासी, बुखार व अन्य श्वास सम्बंधित विकारों से बचाता है, उनसे लड़ने की क्षमता तैयार करता है। इसके सेवन से बालक का शारीरिक, बौद्धिक, मानसिक विकास अच्छा होता है। साथ ही स्मरण शक्ति, ग्रहणशीलता, एकाग्रता में वृध्दि होती है। हंसा राठी ने कहा कि सभी माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सुवर्ण प्राशन में शुद्ध सोने की भस्म, बच, ब्राम्ही, शंखपुष्पी, शहद, गाय का शुद्ध घी, इन सब का सावधानीपूर्वक मिश्रण तैयार करते है, इसे बनाते समय धन्वन्तरी मन्त्रों की भावनाएं दी जाती है। इस औषधि को प्रत्येक माह के पुष्य नक्षत्र में गायत्रीं मन्त्रों के उच्चारण के साथ खिलाया जाता है। इस मातृ गोष्ठी में लगभग 100 माताएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर ने कहा कि जो बच्चों से करे प्यार, वो कैसे सुवर्ण प्राशन से करे इंकार। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में शिशु वाटिका प्रमुख गुरुवारी सोनी, किरण सोनी, तनुजा साहू, निशा गोस्वामी, टिकेश्वरी चंद्राकर का सहयोग रहा। इस आशय की जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख पवन निर्मलकर व ललित कुमार सिन्हा ने दी है।

## पचेड़ा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उमावि पचेड़ा में प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत करते हुए पुस्तक वितरण किया गया। संस्था के प्राचार्य ने अतिथियों एवं बच्चों को साधुवाद देते हुए स्वागत किया गया। कार्यक्रम में घनश्याम कुंदन साहू सदस्य जनपद पंचायत बागबाहरा ने अपने उद्बोधन में बच्चों को पढ़ाई के प्रति ध्यान रखने प्रेरित किया। शत्रुघ्न साहू ने अपने संबोधन में कहा कि शाला प्रवेश उत्सव मनाने का मूल उद्देश्य है कि बच्चों में शिक्षा के प्रति लगाव एवं जागरुकता को पढ़ावा देना है। उन्होंने छात्रों को मोबाइल एवं टेलीविजन से दूर रहने कहा। इसके बाद शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शेख अल्लाउद्दीन ने स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं और अध्ययनरत बच्चों को शाला लगने का समय पर विशेष ध्यान रखते हुए अनुशासन में रहने को कहा। मानिक लाल टंडन उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा ने कहा कि बच्चे स्कूल नियमित आएं और शिक्षा अध्ययन कर अपने भविष्य को सुरक्षित एवं शिक्षित बनाएं। संस्था के शिक्षक घृतलहरे ने आभार जताया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य विजय घाडगे, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शेखअल्लाउद्दीन, शत्रुहन साहू सक्रिय सदस्य, मानिक लाल टंडन उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा, उदयराम साहू सदस्य, माधोराम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा, भोजराम निषाद पंच, बसंत नारंग, शिक्षकगण ओमप्रकाश धरमवंशी, मिलन चक्रधारी, घृतलहरे एवं स्टाफ मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### गंगा स्कूल में मनाया विश्व जनसंख्या दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। शिक्षक लता चन्द्राकर, हर्षा यादव, नीलम कोसरे, माधुरी पटेल, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस पर अपनी धरती, अपने देश व समाज के प्रति जागरूक होने का संकल्प लें एवं बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करते हैं। हर साल भारत देश में 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के रूप से मनाया जाता है।

### चंद्रोदय पब्लिक में शाला नायक एवं नायिका के लिए चुनाव आज

**महासमुंद।** स्थानीय चंद्रोदय पब्लिक सीबीएसई स्कूल में 12 जुलाई को छात्र कैबिनेट शाला नायक एवं नायिका के चुनाव के लिए मतदान रखा गया है। जिसमें कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थी एवं शिक्षक अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपना वोट देंगे। वोटिंग बैलेट बॉक्स के माध्यम से रखा गया है। चंद्रोदय पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नवीन कुमार ने बताया कि बच्चों में चुनाव के प्रति जागरुकता, एक लोकतांत्रिक देश के नागरिक होने के नाते जिम्मेदारी का भाव एवं अपने मताधिकार के सही प्रयोग को बताने के लिए ये एक छोटी सी पहल है। सभी विद्यार्थी वोट डालने के लिए काफी उत्साहित है। चुनाव में खड़े उम्मीदवारों द्वारा भी चुनाव प्रचार जोर-शोर से किया जा रहा है।

### कोसमर्रा स्कूल में एक पेड़ मां के नाम थीम पर 120 पौधे लगाए

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट गाइड एवं स्वामी विवेकानंद यूथ इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण किया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष खेमेश्वरराव वाकड़े, सरपंच ओमप्रकाश साहू, उपसरपंच रोहित निर्मलकर, वरिष्ठ नागरिक जगदीश कश्यप, मनीष कश्यप, कृष्ण कुमार निषाद, प्राचार्य चैतराम साहू, सचिव राधाकृष्णन साहू की उपस्थिति, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं ईको क्लब प्रभारी वासुदेव कुमार सोनबेर, स्काउट, रेडक्रॉस प्रभारी हरिश्चंद्र सिंह नेताम के निर्देशन में एक पेड़ मां के नाम थीम पर छात्र-छात्राओं ने कटहल, नीबू, अमरूद, जामुन, आंवला, सीता एवं करौंदा के 120 पौधे लगाये। प्राचार्य चैतराम साहू ने कहा कि एक वृक्ष दस पुत्र के समान होता है।

**आयोजन : बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम मोहगांव में हुआ एक पेड़ मां के नाम महापौधरोपण कार्यक्रम**

# एक पेड़ मां के नाम अभियान : पौधारोपण कर वन संवर्धन एवं संरक्षण का भी लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

एक पेड़ मां के नाम महापौधरोरण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम मोहगांव में वन विभाग द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अल्का नरेश चंद्राकर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष छग भाजपा महिला मोर्चा, स्मिता चन्द्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा, हितेश चन्द्राकर अध्यक्ष प्रतिनिधि, जसराज चन्द्राकर जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा, संजय मालवे, नरेन्द्र बग्गा, राधा भारती सरपंच ग्राम पंचायत मोहगांव, देवनाथ साहू विधायक प्रतिनिधि, पुरूषोत्तम डड़सेना प्राचार्य पूर्व मा शाला मोहगांव, रतन लाल कोसरे प्राचार्य हाईस्कूल मोहगांव, नितेश पाण्डे मौजूद रहे।

सर्वप्रथम समस्त अतिथियां द्वारा मां सरस्वती के चलचित्रों पर माल्यार्पण किया गया। अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर उन्हें वन संवर्धन एवं संरक्षण करने के लिए संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अलका ने कहा कि हर भारतवासी अपूर्व उत्साह के साथ इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आतुर है। पर्यावरण की सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की अनूठी उपलब्धि है। उन्होंने प्रत्येक देशवासी से अपनी मां के प्रति सम्मान स्वरूप कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि प्रकृति भी हमारी मां के समान है। मां अपने बच्चों के लिए सब कुछ निछावर कर देती है। पेड़ भी हमारी मां के समान है। फल, छांव के साथ-साथ अनेक प्रकार की औषधि भी देती है, लेकिन मानव जीवन पर्यावरण को कुछ नहीं देता और उसका दोहन करता है। उन्होंने समस्तजनों से हर पर्व तीज त्यौहार हो या अपना जन्मोत्सव कम से कम एक पेड़ लगाने की अपील की। दुनिया में जन धन मन से भी ज्यादा आवश्यकता प्रकृति की है। आज प्रकृति के दोहन के कारण तापमान बढ़ने के साथ-साथ अनेक प्रकार की समस्याएं मानव जीवन में उत्पन्न हो रही है। प्रकृति का दोहन चिंता का विषय है। हम सभी साथियों को पर्यावरण के प्रति लगाव के साथ-साथ उसे सुरक्षित भी करना हमारा परम कर्तव्य है।







कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्मिता चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री की एक पेड़ मां के नाम मार्मिक अपील ने देशवासियों के दिलों को छू लिया और देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों के बीच अपनी मां के प्रति अपने सम्मान की अभिव्यक्ति के रूप में पौधे रोपित करने की होड़ लग गई। इसमें कोई संदेह नहीं कि एक पेड़ मां के नाम अभियान आक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, धरती का तापमान कम करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान करने में समर्थ होगा। उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार धरती को मां की संज्ञा देकर हम उसके प्रति प्रेम भाव रखते हैं, इस प्रकार पेड़ को भी मां के नाम से जोड़कर पेड़ों के प्रति हमारा लगाओ और अधिक बढ़ जाएगा। कार्यक्रम को हितेश चन्द्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि एक अच्छे गांव की पहचान गांव में लगे पेड़ पौधों से लगाई जा सकती है। जिस गांव में पीपल बरगद के विशाल पेड़ होते हैं उसे गांव का प्रभाव अधिक व सुदंर गांव के रूप में पहचान होती है। उन्होंने आगे कहा कि एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में आज लगाए जाने वाले सभी पेड़ों पर बच्चों के मां एवं छात्राओं के नाम प्लेट अंकित किया जाए तथा उन बच्चों को उसे पेड़ की सुरक्षा के लिए जवाबदारी बच्चों को दी जाए।

वन परिक्षेत्र अधिकारी लोकनाथ ध्रुव ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरती को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेते हुए एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान आक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, धरती का तापमान कम करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान करने में समर्थ होगा। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम के संदेश के साथ यह पौधारोपण अभियान निश्चित रूप से पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के साथ मां की सेवा के पवित्र भाव को मजबूती प्रदान करेगा। भारत लाल साहू, नरेंद्र चंद्राकर उपवनक्षेत्रपाल, रामपुरी गोस्वामी, योगेश कन्नौजे वनपाल, कमल नारायण यादव, अमित दीवान, दीपक जेन्द्रे, चुकेश्वर ध्रुव, नीलकंठ दीवान, ललित यादव, लोकेंद्र आवडे, कुलेश्वर डडसेना, पूरनलाल ध्रुव, खेमराज साहू, सनी ठाकुर, कविता ठाकुर, कोमन दीवान, रामकुमार सिन्हा, देव सिंह दीवान, भीष्म देव साहू, हरकराम साहू, दिनेश ताण्डी, अनिल डहरवाल, सतीश साहू, नरेश नरेडिया, सुमंत डड़सेना, ताहिर कुरैशी आदि उपस्थित रहे।

## घटिया सड़क निर्माण को देखकर भड़की विधायक,इंजीनियर को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद घटिया सड़क निर्माण को देखकर भड़क गई और विभागीय इंजीनियर को जमकर फटकार लगाते हुए तत्काल गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। विधायक नंद ग्राम बिरकोल के ग्रामीणों की शिकायत पर बिरकोल से मांजरमाटी सड़क निर्माण का निरीक्षण करने पहुंची थी, जहां सड़क निर्माण में घोर लापरवाही बरतते हुए बेहद घटिया स्तर का सड़क निर्माण कराया जा रहा है।

विधायक नंद ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत लगभग 1 करोड़ रुपए की लागत से बिरकोल-मांजरमाटी सड़क निर्माण कराया जा रहा है। सड़क निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी करते हुए निर्माण किया जा रहा है, जिससे सड़कें बनने से पहले ही उखड़ने लगी है। उन्होंने बताया कि पुलिया निर्माण में भी भारी अनियमतता बरती जा रही है जिससे सड़क सालभर भी नहीं टिक पाएगी। विधायक चातुरी नंद ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही से बेहद ही घटिया निर्माण पूरे क्षेत्र में किया जा रहा है। सड़क निरीक्षण के दौरान बिरकोल के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता नीलांबर सोनी, घनश्याम पटेल, जगदीश पटेल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सरायपाली शहर अध्यक्ष भरत पटेल, एनएसयूआई प्रदेश सह संयोजक जयंत यादव, करण पटेल, नीलांबर पटेल, कमल बरीहा, तेजराम बरीहा, माधव साव, मोनू वास समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल


**महासमुंद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 13 जुलाई, शनिवार को सम्पूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिस हेतु जिला न्यायालय महासमुंद के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों धारा 138, परक्राम्य लिखत अधिनियम मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों तथा पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाता हैं। इसके अतिरिक्त राजस्व, बैंक, विद्युत विभाग दूरसंचार विभाग नगर पालिका परिषद् में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्रीलिटिगेशन प्रकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किए जाएंगे, जो विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों के प्रकरण लोक अदालत खण्ड पीठ में निराकृत किए जाएंगे। इस तरह पक्षकार अपने न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करा सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद द्वारा पक्षकारों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत को सफल बनाएं।

## गड्ढे की मरम्मत नहीं हुई तो करेंगे धरना प्रदर्शन



**महासमुंद।** जनपद सभापति रामेश्वर गब्बर साहू ने कहा कि छिलपावन के बागबाहरा चौक में एक गड्ढा लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। शिकायत के बाद पीडब्ल्यूडी और हाइवे इस गड्ढे को लीपा पोती कर के छोड़ देते है। एक बार भी सही मरम्मत नहीं हुआ है। राहगीर इसमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं। रात के समय में यात्रियों के लिए परेशानी कारण बन रहा है। गड्ढा इतना भयानक है कि आदमी संभल नहीं पता और सीधा चोंटिल हो रहे हैं। आगे नेशनल हाईवे रोड है। अभी बरसात में गड्ढा पानी से भर जाता है, जो दिखाई भी नहीं देता। उन्होंने कहा कि अगर 2-4 दिन में अगर रिपेयरिंग कार्य नहीं हुआ तो यहां पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## महाप्रभु जगन्नाथ के किए दर्शन



**महासमुंद।** नगर में प्रभु जगन्नाथ की यात्रा भ्रमण करते हुए राममंदिर पहुंची। जहां पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल ने महाप्रभु का दर्शन कर क्षेत्र के सुख शांति के लिए प्रार्थना की।

## लंबे अंतराल के बाद नन्हे-मुन्ने बालक-बालिका पहुंचे स्कूल, लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी हिंदी माध्यम स्कूल कोमाखान में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सृष्टि चंद्राकर एसडीएम बागबाहरा, विशिष्ट अतिथि रामता डे एबीईओ बागबाहरा रहे। मुख्य अतिथि एसडीएम ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को मुंह मीठाकर पुस्तक वितरण किया। साथ ही ड्रॉप आउट छात्र को कम करने, प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के अलावा हिंदी माध्यम का बोर्ड परिणाम 100 प्रतिशत लाने के लिए कहा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों में आशीष वाकड़े सरपंच प्रतिनिधि, खेमदास मानिकपुरी, हेमेंद्र उपाध्याय, नितिन जैन, गुलजार खान, वाजिद खान, पंकज जैन, उमेश साहू, नरेंद्र पटेल, राहुल वास, संगीता चंद्राकर, गेंदलाल यादव संकुल समन्वयक लुकुपाली, विजय शर्मा प्रधान पाठक कसेकेरा, भीम साहू व पालकगण रहे।

मुख्य अतिथि और विशेष अतिथियों का प्राचार्य और उपप्राचार्य द्वारा गुलदस्ता और प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद स्कूल कोमाखान के छात्रों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। स्वागत नृत्य को देखकर अतिथियों द्वारा बच्चो को प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य हीरा सिंग नायक ने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कोमाखान स्कूल और क्षेत्र में शिक्षा की दिशा में विशेष कार्य करते हुए छात्र-छात्राओं को भविष्य में अच्छी शिक्षा के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित विशेष अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक, फूलमाला पहनाकर, पुस्तक वितरण व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान अतिथियों ने स्कूल प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम थीम के साथ पौधारोपण भी किया। शाला प्रवेशोत्सव के दिन छात्रों को न्योता भोज कराया गया। जिसमें विशेष भोजन के साथ बच्चों को लड्डू भी खिलाया गया।



कार्यक्रम में हिंदी व अंग्रेजी माध्यम से अनिरुद्ध साहू उप प्राचार्य, वरिष्ठ शिक्षक कुमत राम ध्रुव, सुषमा बड़ा, अमरीका साहू, प्रधानपाठकद्वय रवींद्र राज सिंह ठाकुर, देवानंद वेदव्यास, कविता चंद्राकर,अंकिता, स्वाति सोनी, जोया मकरानी, लीना ध्रुव, जेबा, अंजली, श्रद्धा, हेमलता साहू, रूपाली साहू, सोहन पटेल, जुनैद अहमद, हिमांशु सोनी, कुंदन यादव, बघेल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन ईशा शुक्ला व्याख्याता ने किया। लंबे अंतराल के बाद जब नन्हें-मुन्हे बालक-बालिका स्कूल पहुंचे तो रौनक लौट आई है। प्रवेशोत्सव में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों भी रहे।

## बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 14 को, जिले के 5 परीक्षा केन्द्रों में 1473 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित की जाने वाली बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2024 का आयोजन रविवार 14 जुलाई को जिला मुख्यालय में निर्धारित 5 परीक्षा केन्द्रां में पूर्वाह्न 10 से दोपहर 12:15 बजे तक किया जाएगा। इस परीक्षा में जिले के 1473 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर प्रभात मलिक ने परीक्षा के सुचारू, निर्विघ्न रूप से संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार खाण्डे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार प्रवेश पत्र तथा उत्तरशीट में दिए गए फोटो एवं हस्ताक्षर के सूक्ष्म मिलान के लिए 03 सदस्यीय उड़नदस्ता का गठन किया गया है। जिमसें मोहित कुमार अमिला नायब तहसीलदार, प्रमोद कन्नौजे व्याख्यात स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल नयापारा एवं डीएन जांगड़े सहायक कार्यक्रम समन्वयक शिक्षा विभाग को उड़नदस्ता नियुक्त किए गए हैं। इसी तरह परीक्षा केंद्रों तक गोपनीय सामग्री पहुंचाने के लिए परिवहन अधिकारी/पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। जिसमें महेन्द्र कुमार टंडन मंडल संयोजक सहाआआदिविवि को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा महासमुंद के लिए परिवहन अधिकारी/पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। दीपक मंडावी जिला पंजीयक राजस्व को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय (कला संकाय भवन) मचेवा, व्हीपी सिंह सहायक संचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी को आशी बाई गोलछा आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद, नीलेश खाण्डे अधीक्षक सहाआआदिविवि को शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय मचेवा महासमुंद एवं त्रिवेणी रात्रे सहायक परियोजना अधिकारी एनआरएलएम को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम उच्चतर माध्यमिक शाला महासमुंद के लिए परिवहन अधिकारी/पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

## पार्षद ने किया नालियों की सफाई का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बारिश के मद्देनजर पालिका द्वारा नालियों की सफाई करने व्यापारियों द्वारा नालियों को कवर्ड किए गए स्लैब को हटाकर सफाई की गई थी। इस दौरान कुछ स्लैब टूट गए थे। सप्ताहभर बीतने के बाद भी पालिका प्रशासन द्वारा स्लैब ढलाई कर नालियों को कवर्ड नहीं किया गया था। जिससे मच्छर व बदबू से व्यापारियों को परेशानी हो रही थी। उक्त समस्या से दुकानदारों ने नपा सभापि निखिलकांत साहू का अवगत कराया। जिस पर साहू ने नालियों का स्थल निरीक्षण कर तत्काल नगर पालिका के लोक निर्माण को स्लैब ढलाई व नालियों को कवर्ड करने निर्देशित किया। साथ ही साहू ने कहा कि कहीं भी गंदगी या नालियों के आसपास अव्यवस्था दिखे तो तत्काल सफाई कराकर नालियों को कवर्ड करने कार्रवाई करें।





### कालीचरण साहू का निधन

**महासमुंद।** ग्राम मचेवा निवासी कालीचरण साहू (72) का 11 जुलाई गुरूवार को निधन हो गया। वे विश्राम साहू के भाई, लेखराम, रामनारायण के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969